प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

‘एक पेड़ माँ के नाम’ कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण

पन्तनगर। 29 अगस्त 2024। विश्वविद्यालय के सामुदयिक विज्ञान महाविद्यालय में चल रही अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना–कृषि एवं महिलाऐं द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की ओर से शुरू किये गये अभियान ‘एक पेड़ माँ के नाम’ के तहत आज उद्यान अनुभाग पर वृक्षारोपण किया गया। इसके अन्तर्गत चंदन, रुद्राक्ष, नागकेशर, अंजीर, करीपत्ता आदि के पौधे लगाये गये। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक वृक्ष लगा कर पर्यावरण संतुलन करना, पृथ्वी को हरा–भरा बनाना एवं परिसर वासियों को स्वस्थ वातावरण में रहने के लिए प्रोत्साहित करना था। हरी–भरी प्रकृति का मानव जीवन में विशेष महत्व है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2024 पर ‘एक पेड़ माँ के नाम’ के अभियान की शुरुआत की गई है, जिसमें सभी से माताओं को श्रद्धांजलि के रूप में एक पेड़ लगाने का आग्रह किया गया है। इस अभियान के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम कर समस्त परिसरवासियों को पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ पृथ्वी को प्रदूषण एवं सूखे से बचाने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में कार्यवाहक कुलपति एवं कुलसचिव डा. दीपा विनय, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, प्रभारी अधिकारी उद्यान डा. वी.के. राव,डा. मनीशा गहलोत, डा. सीमा क्वात्रा, डा. पूनम तिवारी, डा. वीनू, डा. भाष्कर तिवारी, डा. रितु त्रिपाठी, डा. रितु सिंह, डा. रश्मि तिवारी, डा. संज्ञा सिंह आदि उपस्थित थे।

वृक्षारोपण करती अधिकारियों के साथ कार्यवाहक कुलपति एवं कुलसचिव डा. दीपा विनय एवं अन्य अधिकारी।

निदेशक संचार